ग्राम बड़ागांव के ग्रामवासियों ने चंदा से डलवाई सड़क

ग्रामवासियों ने एकजुट होकर 1 किमी तक सहयोग से डलवाई मुरम

नवभारत न्यूज

कुंभराज 20 जुलाई का। गाँव के लोगो ने निकलने के लिए अपने घर से चंदा उगाकर कर बनाई मुरम की सड़क इरादे मजबूत हो और काम करने का जज्बा हो तो कोई भी काम असंभव नहीं है। चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ागांव के ग्राम वासियों ने यह बात सिद्ध करके दिखलाई ग्राम बड़ागांव के ग्राम वासियों के निकलने का रास्ता बहुत ही खराब पड़ा था।

जिसमें आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था उस रास्ते से गांव की गाय, भैंस जानवरों को चराने जाते हैं

किसानों का भी आने जाने का यह रास्ता है जिसमें गांव वालों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ता था सभी गांव वालों ने विचार बनाया कि यहां से निकलने वाले सभी ग्रामवासि चंदा इकट्ठा करके मुरम की सड़क बनाई जाए जिससे आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े सभी गांव वाले इकट्ठा हुए चंदा इकट्ठा करके खुरई बाले रोड से पठार तक मुरम डाल के 1 कि .मी. सड़क बना दी गई सभी गांव वालों की एकता को देखते हुए आसपास के गांव वालों ने गांव की एकता की प्रशंसा की है।

सांदीपनि विद्यालय फतेहगढ़ में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत भजन एवं गुरु वंदना कार्यक्रम का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

फतेहगढ़। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ में 15 दिवसीय 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' (15 जुलाई से 29 जुलाई) अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जुलाई 2026 (सोमवार) को पखवाड़े के पंचम दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रार्थना सभागार में भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम 'संस्कृत श्लोक गायन, भजन एवं गुरु वंदना' की प्रेरणादायक प्रस्तुतियों पर केंद्रित रहा। सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुतियां में विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा तथा गुरु की महिमा पर आधारित कई मनमोहक संस्कृत श्लोक, भक्तिमय भजन एवं प्रेरणादायक गुरु वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं ज्ञानमयी वातावरण से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी एवं सभी शिक्षकगणों द्वारा किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व और नैतिक मूल्यों से अवगत कराया। श्लोक गायन एवं गुरु वंदना में श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों का मार्गदर्शक माना गया है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक संस्कारों का बीजारोपण होता है और गुरु-शिष्य संबंध तथा शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होता है। गरिमामय कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में 1110 छात्र-छात्राएं (कक्षा 6-12) उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र केदारनाथ धाम पर पुन: दर्शन शुरू होने की उम्मीद

गुना। गुना सहित आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र, बमोरी विधानसभा की महोदरा पंचायत स्थित अति प्राचीन केदारनाथ धाम के दर्शन पुन: शुरू होने की दिशा में एक सकारात्मक पहल हुई है। सुरक्षा कारणों से प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बीच मंदिर के जीर्णोद्धार और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही की संभावनाओं को तलाशने के लिए भोपाल से आई विशेषज्ञों की टीम ने धाम का बारीकी से निरीक्षण किया। विगत माह स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं धाम से जुड़े प्रबुद्धजनों द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु गठित समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के विशेष अनुरोध पर मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल से विशेषज्ञों का दल सर्वेक्षण के लिए पहुंचा। सर्वेक्षण दल का नेतृत्व कर रहे मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. मृत्युंजय सिंह चौहान ने बताया कि दर्शन हेतु पूर्व में उपयोग किया जाने वाला पुराना मार्ग अब आवागमन के लिए बिल्कुल सुरक्षित नहीं रह गया है। इस स्थिति को देखते हुए या तो मार्ग में आवश्यक तकनीकी सुधार किए जाएंगे या फिर किसी अन्य सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मैनिट की टीम एक और सूक्ष्म सर्वे के बाद विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि विशेषज्ञों की टीम से जल्द से जल्द विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया गया है। डीपीआर तैयार होते ही वे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर इस योजना को स्वीकृति दिलाएंगे, ताकि जल्द से जल्द श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक दर्शन व्यवस्था बहाल की जा सके। निरीक्षण के दौरान डॉ. ज्योति स्वरूप, डॉ. हस्ती, डॉ. बदीना, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन गुप्ता, सरपंच मनीषा बारेला, मोहन बारेला, भीम सिंह बारेला, ब्रिज रघुवंशी एवं तूफान बारेला सहित कई स्थानीय नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

साइकिल से चार धाम यात्रा पर निकले रामनिवास

गुना। आस्था और दृढ़ संकल्प का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए मावन निवासी राम निवास रघुवंशी सोमवार को साइकिल द्वारा चार धाम और 12 ज्योतिलिंगों की एक वर्ष लंबी धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए। उनकी इस कठिन और पावन यात्रा के शुभारंभ पर शहरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। कैंट स्थित साक्षी इलेक्ट्रिकल्स पर आयोजित एक सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम में कछवाहा कुशवाहा क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह कुशवाह और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर गुना के अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने यात्रा पर निकल रहे राम निवास रघुवंशी का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं पगड़ी बांधकर भावभिना सम्मान किया।

आबकारी टीम की अचानक दबिश में खेत से अवैध शराब बरामद

गुना। अवैध शराब के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग के आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में विभाग की टीम ने अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए छापामार कार्रवाई की है।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में सोमवार को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन की अगुवाई में टीम ने ग्राम गढ़लागिर्द और बिसभुजा मंदिर के पीछे स्थित खेतों में अचानक दबिश दी। आबकारी टीम की इस बिन बुलाए आमद से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान गढ़लागिर्द में आरोपी रंजीता पारदी पति धर्मराज पारदी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं बजरंगगढ़ कॉलोनी में एक खेत से अवैध शराब बरामद होने पर गहराई से विवेचना शुरू कर दी गई है।

इस पूरी कार्रवाई में टीम ने मौके से 35 लीटर जहरीली हाथभट्टी कच्ची शराब जब्त की। साथ ही शराब बनाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया लगभग 200 किलोग्राम गुड़-लाहन भी बरामद किया, जिसे आबकारी टीम ने

मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब्त की गई सामग्री और नष्ट किए गए लाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है।

मामले में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 3 आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं। इस पूरी मुहिम को सफलता से अंजाम देने में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया इनडेक्शन प्रशिक्षण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नवनियुक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का 08 दिवसीय इनडेक्शन प्रशिक्षण (पाठ्यक्रम) का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले की सभी परियोजना अंतर्गत प्रथम चरण में नवनियुक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को (एकीकृत बाल विकास सेवा) के तहत उनके कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियों एवं केन्द्र संचालन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रीति मौर्य पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी

नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को शुभकामना देते हुये इनडेक्शन प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुये बताया कि, यह प्रारंभिक प्रशिक्षण एक मूलभूत क्षमता कार्यक्रम है जो कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, मातृ स्वास्थ्य, पोषण निगरानी और सामुदायिक सहभागिता में आवश्यक कौशल प्रदान करता है, ताकि वे जमीनी स्तर पर एकीकृत बाल विकास सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार चंदेल द्वारा नवनियुक्त आंगनबाडी को गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी रखना, टीकाकरण, और कुपोषण की पहचान करने एवं आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए सटीक, वास्तविक समय का डेटा प्राप्त करने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप और स्मार्ट उपकरणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ऋषभ रधुवंशी जिला समंवयक रॉकेट लर्निंग द्वारा प्रतिभागीयों को पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के तहत बच्चों को खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने हेतु अवगत कराया गया। उक्त प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सीमा अहिरवार, सुरभी कुशवाह, प्रीति मोर्य, रचना शर्मा, सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

गेल में कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय गुना की मनकक्ष टीम द्वारा गेल इंडिया लिमिटेड, विजयपुर में कर्मचारियों के लिए 'कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन' विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.एस. भाटी ने कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव एवं तनाव से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, योग, ध्यान, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा परिवार एवं सहकर्मियों से बेहतर संवाद तनाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मानसिक रोगों के शुरुआती लक्षणों जैसे लगातार उदासी, अत्यधिक चिंता, चिड़चिड़ापन, नींद में बदलाव, काम में रुचि कम होना, एकाग्रता में कमी तथा व्यवहार में असामान्य परिवर्तन की समय पर पहचान कर विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी। मनोरोग नर्सिंग ऑफिसर रवि सिंह यादव ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देते हुए टेली-मानस टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 के बारे में बताया। मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की स्थिति में कोई भी व्यक्ति टेली-मानस हेल्पलाइन पर नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है तथा मनहित ऐप से भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को मिले जीवन की नई उम्मीद, शिविर की तैयारियां चेकलिस्ट के अनुसार हों

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा गुना द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 05 अगस्?त की शाम से 6 अगस्त 2026 तक जिला चिकित्सालय स्थित रेडक्रॉस भवन में विशेष निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मेदांता फाउंडेशन, गुरुग्राम (दिल्ली) से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों का परीक्षण कर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कन्याल ने शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह शिविर केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि जिले के अधिक से अधिक पात्र

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि शिविर की सभी तैयारियां निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार समय पर पूर्ण की जाएं तथा प्रत्येक संभावित हितग्राही की पूर्व स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिविर स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों (वॉलेंटियर्स) की तैनाती करने तथा आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी देते हुए बताया शिविर में केवल 12 वर्ष से कम आयु के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श के बाद यह निर्धारित किया जाएगा कि संबंधित बच्चा बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त है या नहीं। चयनित बच्चों के उपचार की आगे की प्रक्रिया मेदांता फाउंडेशन, गुरुग्राम के माध्यम से निशुल्क कराई जाएगी। सामान्यत: इस उपचार पर 20 से 25 लाख रुपये तक का व्यय आता है। शिविर के सफल संचालन के लिए बाहर से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले परिवारों के लिए 5 अगस्त की शाम से मानस भवन में निशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य जांच एवं परामर्श का कार्य 6 अगस्त को प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चे के उपचार से संबंधित सभी पुराने चिकित्सकीय अभिलेख, जांच रिपोर्ट, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, ब्लड ट्रांसफ्यूजन रिपोर्ट, एचपीएलसी रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल अथवा मजदूर कार्ड, आय प्रमाण पत्र तथा बच्चे के पहचान संबंधी दस्तावेज साथ लेकर आएं। साथ ही पीड़ित बच्चे के माता-पिता एवं दो सगे भाई-बहनों की उपस्थिति भी जांच प्रक्रिया के लिए आवश्यक रहेगी। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना तथा ऐसे बच्चों की पहचान करना है जिन्हें बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से स्थायी उपचार का लाभ मिल सकता है।

बैठक | सीमांकन, ओवरलोड बसों पर कार्रवाई और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर कन्याल के सख्त निर्देश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सीमांकन प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निपटारा करने, ओवरलोड बसों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

ओवरलोड बसों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने परिवहन, पुलिस और संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से ओवरलोड बसों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध सख्त

कार्रवाई की जाए। डीजे जब्ती की कार्रवाई के दौरान आवश्यकतानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी प्रकरण दर्ज करने तथा अभियान को लगातार जारी रखने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्डियक एंबुलेंस का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने, गोशालाओं के निरीक्षण की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी सभी आदेशों एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करे।

लंबित प्रकरणों का समय पर करें निराकरण

बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को

निर्देशित किया कि समय-सीमा के प्रकरणों, जनशिकायतों एवं अन्य लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करे।

प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी को मिलेगा बढ़ावा

बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि उपसंचालक को प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाने, अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने तथा प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को गुलाब, अमरूद एवं विभिन्न सब्जियों के मॉडल विकसित कर किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण तैयार करने तथा उत्पादन और आय बढ़ाने के प्रयास तेज करने को कहा।

नगरपालिका टीम ने 30 किलोग्राम पॉलिथिन जप्त कर कार्यवाही की

गुना। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी के आदेशानुसार स्वच्छता शाखा की टीम ने शहर में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान हाट रोड गल्ला मंडी स्थित मनोज किराना स्टोर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अमानक पॉलिथीन बरामद की गई। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने मनोज किराना स्टोर पर कार्रवाई करते हुए लगभग 30 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 6000 रुपये बताई जा रही है। दुकान में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग और भंडारण पाए जाने पर दुकानदार पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक ने दुकान मालिक को सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पुन: अमानक पॉलिथीन का उपयोग या भंडारण पाया गया, तो इससे भी अधिक राशि का जुमार्ना लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान शोभित जादौन और वीरू खटीक भी स्वच्छता टीम के साथ मौजूद रहे। नगरपालिका की इस कार्रवाई से अमानक पॉलिथीन बेचने और उपयोग करने वाले व्यापारियों में हड़कंप का माहौल है।

गुना के युवाओं से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान में शामिल होने की अपील

गुना। देश को नशा मुक्त बनाने तथा विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता गतिविधियों में भाग लेने की अपील की गई है।

न्यायालय :- प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, गुना (म.प्र.)

विविध न्यायिक प्रकरण (आपराधिक) 152 / 2025

1. श्रीमती नीतू भार्गव पत्नी शैलेन्द्र, उम्र 31 साल, व्यवसाय गृहिणी,
2. कु. मानवी भार्गव पुत्री शैलेन्द्र, उम्र 05 साल, व्यवसाय अध्ययनरत
3. कु. परिणीता भार्गव पुत्री शैलेन्द्र भार्गव, उम्र 01 साल 06 माह,

अल्पवयस्क आवेदक क. 2 व 3 द्वारा संरक्षक मां नीतू भार्गव पत्नी शैलेन्द्र भार्गव
निवासीगण न्यूसिटी पार्ट -02 कॉलोनी, गली नं. 05, पिपरौदा खुर्द, तहसील व जिला गुना,
हाल निवासीगण मामाजी श्री दामोदर भार्गव के मकान में, विकास नगरगुना, जिला गुना (म.प्र.)

विरुद्ध

शैलेन्द्र भार्गव पुत्र लखनलाल भार्गव, उम्र करीब 33 साल, व्यवसाय कम्प्यूटर ऑपरेटर, निवासी न्यू सिटी पार्ट -02 कॉलोनी, गली नं. 05, पिपरौदा खुर्द, तहसील व जिला गुना (म.प्र.)

(अनावेदक की उपस्थिति हेतु समंस)

बनाम:-

शैलेन्द्र भार्गव पुत्र लखनलाल भार्गव, उम्र करीब 33 साल, व्यवसाय कम्प्यूटर ऑपरेटर, निवासी न्यू सिटी पार्ट -02 कॉलोनी, गली नं. 05, पिपरौदा खुर्द, तहसील व जिला गुना (म.प्र.)

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ने आपके विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 144 के अंतर्गत भरण-पोषण राशि प्राप्ति हेतु याचिका पेश की है।

अत: उक्त याचिका के संबंध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो आप स्वयं उपस्थित होकर नियत दिनांक के पूर्व जवाब पेश करें। नियत दिनांक 10.09.2026 को आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाने पर कार्यवाही अगले दिवस की जावेगी।

यह समंस आज दिनांक 20.07.26 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

दिनेश प्रसाद मिश्रा
प्रिंसिपल जज
परिवार कोर्ट गुना (म.प्र.)